वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 1 दिसंबर 2022

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

भारत की जी-20 की अध्यक्षता वैश्विक शांति तथा समन्वय के लिए महत्वपूर्ण : अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आज भारत द्वारा एक वर्ष के लिए जी-20 की अध्यक्षता प्राप्त करने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित करती है। विश्व के प्रभावी और अत्यंत सामर्थ्यवान समूह के नेतृत्व के क्रम में आर्थिक प्रशासन पर सारगर्भित चर्चा के साथ भारतीय जीवन मूल्यों, विविधतापूर्ण संस्कृति सहित देश के अन्य सकारात्मक विषयों को वैश्विक प्रभाव वाले इस मंच के माध्यम से प्रेषित किया जाना चाहिए।

भारत की युवा आबादी विश्व की अनेक समस्याओं को हल करने में प्रमुख भूमिका का निर्वहन कर सकती है। जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत को भावी पीढ़ी के लिए धरती तथा उसके संसाधनों को बचाने, पर्यावरण सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा तथा वैश्विक शांति के विषय को प्रमुखता से उठाना चाहिए।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि," अभाविप देश भर के विभिन्न प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के साथ जी-20 की भारत द्वारा अध्यक्षता करने के क्रम में संवाद करेगी, हम आशा करते हैं कि इस मंच से जी-20 से सम्बद्ध विषयों पर भारतीय युवाओं के मतों को प्रमुखता से स्थान मिलेगा। विश्व की शांति, सबके कल्याण तथा वैश्विक परिवार की अवधारणा भारत में प्राचीन समय से रही है, विश्वास है इन मूल्यों को जी-20 के आयोजन के क्रम में वैश्विक समुदाय जान-समझकर आत्मसात करेगा।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)